## बारहवीं आधार / केन्द्रिक

| | प्रश्नों का प्रकार | अधिगम के परिणाम तथा कौशल | अतिलघूत्तरात्मक<br>1 अंक | लघूत्तरात्मक<br>2 अंक | लघूत्तरात्मक<br>3 अंक | दीर्घउत्तरात्मक<br>5 अंक | कुल अंक | प्रतिशत लगभग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्मृत (ज्ञानाधारित-स्मृति के प्रयोग पर सरल प्रश्न | • श्रवण, भाषण तथा लेखन कौशल | प्र. 1 च<br>प्र. 2 ड.<br>प्र. 5 (i), (ii)<br>[ 4 ] | प्र. 1 क,ख, ड.<br>[ 3 ] | -- | -- | 10 | 10 % |
| 2 | बोध (अर्थपूर्ण परिचित बोध पर आधारित प्रश्न) | • तर्क-वितर्क<br>• विश्लेषणात्मक कौशल | प्र. 1 ग,घ<br>प्र. 2 क,ख, ग<br>[ 5 ] | प्र. 1 ञ<br>प्र. 9 क,ख,ग<br>[ 4 ] | प्र. 10 ख<br>प्र. 12 क, ख,ग<br>[ 4 ] | -- | 25 | 25 % |
| 3 | अनुप्रयोग (नवीन स्थितियों में ज्ञान के अनुप्रयोग पर आनुमानिक प्रकार के प्रश्न | • रचनात्मक कौशल सार लेखन, व्याख्या करना | प्र. 1 झ[ 1 ] | प्र. 8 क,ग,घ<br>प्र. 11 क,ख ग,घ<br>[ 7 ] | -- | प्र. 6<br>प्र. 7 [ 2 ] | 25 | 25 % |
| 4 | उच्च स्तरीय चिन्तन कौशल (विश्लेषण एवं मूल्यांकन पर सिद्ध करना | • मूल्यांकन स्पष्टीकरण, तुलना करना, भेद करना, उचित/अनुचित आधारित प्रश्न) | प्र. 1 छ<br>प्र. 2 घ<br>प्र. 5<br>(iii),(iv),(v)[ 5 ] | प्र. 1 ज<br>प्र. 8 ख [ 2 ] | प्र. 10 क<br>प्र. 12 घ [ 2 ] | -- | 15 | 15 % |
| 5 | रचनात्मक (निर्णय अथवा स्थिति के मूल्यांकन की क्षमताएवं बहुविषयात्मक) | • मूल्यपरक विचारों की अभिव्यक्ति करना | -- | -- | -- | प्र. 3<br>प्र. 4<br>प्र. 13<br>प्र 14 क,ख[ 5 ] | 25 | 25 % |
| | कुल | | 15 | 16 | 6 | 7 | 100 | 100 % |

**नमूना प्रश्न पत्र**

**हिन्दी ( केन्द्रिक ) ( कोड संख्या - 302 )**

**कक्षा -बारहवीं ( 2014-15 )**

**निर्धारित समय - 3 घंटे** **अधिकतम अंक - 100**

## खंड 'क'

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न 1** | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**<br>जो अनगढ़ है, जिसमें कोई आकृति नहीं, ऐसे पत्थरों से जीवन को आकृति प्रदान करना, उसमें कलात्मक संवेदना जगाना और प्राण-प्रतिष्ठा करना ही संस्कृति है। वस्तुतः संस्कृति उन गुणों का समुदाय है, जिन्हें अनेक प्रकार की शिक्षा द्वारा अपने प्रयत्न से मनुष्य प्राप्त करता है। संस्कृति का संबंध मुख्यतः मनुष्य की बुद्धि एवं स्वभाव आदि मनोवृत्तियों से है। संक्षेप में सांस्कृतिक विशेषताएँ मनुष्य की मनोवृत्तियों से संबंधित हैं और इन विशेषताओं का अनिवार्य संबंध जीवन के मूल्यों से होता है। ये विशेषताएँ या तो स्वयं में मूल्यवान होती हैं अथवा मूल्यों के उत्पादन का साधन। प्रायः व्यक्तित्व में विशेषताएँ साध्य एवं साधन दोनों ही रुपों में अर्थपूर्ण समझी जाती हैं। वस्तुतः संस्कृति सामूहिक उल्लास की कलात्मक अभिव्यक्ति है। संस्कृति व्यक्ति की नहीं, समष्टि की अभिव्यक्ति है।<br>डॉ. संपूर्णानंद ने कहा है - ''संस्कृति उस दृष्टिकोण को कहते हैं, जिसमें कोई समुदाय विशेष जीवन की समस्याओं पर दृष्टि निक्षेप करता है।'' संक्षेप में वह समुदाय की चेतना बनकर प्रकाशमान होती है। यही चेतना प्राणों की प्रेरणा है और यही भावना प्रेम में प्रदीप्त हो उठती है। यह प्रेम संस्कृति का तेजस तत्व है, जो चारों ओर परिलक्षित होता है। प्रेम वह तत्व है, जो संस्कृति के केंद्र में स्थित है। इसी प्रेम से श्रद्धा उत्पन्न होती है, समर्पण जन्म लेता है और जीवन भी सार्थक लगता है। | |
| | (क) संस्कृति एक निष्प्राण पत्थर को किस प्रकार जीवन्त बना सकती है? | 2 |
| | (ख) संस्कृति का संबंध मनुष्य की मनोवृत्तियों से क्यों है? | 2 |
| | (ग) व्यक्तित्व की विशेषताएँ किस रुप में मूल्यवान समझी जाती है? | 1 |
| | (घ) संस्कृति समष्टि की अभिव्यक्ति क्यों है? | 1 |
| | (ड.) डा. सम्पूर्णानंद ने संस्कृति को किस प्रकार का दृष्टिकोण कहा है? | 2 |
| | (च) संस्कृति किस तरह प्रकाशमान होती है? | 1 |
| | (छ) प्रेम को संस्कृति का तेजस तत्व क्यों कहा गया? | 1 |
| | (ज) प्रेम से समर्पण किस प्रकार जन्म लेता है? | 2 |
| | (झ) इस अनुच्छेद का उपयुक्त शीर्षक होगा- | 1 |
| | (×I) सामुदायिक चेतना को संस्कृति का प्राण क्यों कहा गया हैं? | 2 |

| प्रश्न 2 | **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**<br><br>मैने गढ़े<br>ताकत और उत्साह से<br>भरे - भरे<br>कुछ शब्द<br>जिन्हें छीन लिया मठाधीशों ने<br>दे दिया उन्हे धर्म का झंडा<br>उन्मादी हो गए<br>मेरे शब्द<br>तलवार लेकर<br>मिटाने लगे<br>अपना ही वजूद<br>फिर रचे मैंने<br>इंसानियत से लबरेज<br>ढेर सारे शब्द<br>अबकी उन्हें अगवा कर लिया<br>सफेदपोश लुटेरों ने<br>और दबा दिया उन्हें<br>कुर्सी के पाये तले<br>असहनीय दर्द से चीख रहे हैं<br>मेरे शब्द और वे<br>कर रहे हैं अट्टहास<br>अब मैं गढूँगी<br>बोऊँगी उन्हें<br>निराई गुड़ाई और<br>खाद-पानी से<br>लहलहा उठेगी फसल<br>तब कोई मठाधीश<br>कोई लुटेरा<br>नहीं छीन पाएगा उन्हें<br>छीनने की कोशिश में भी<br>गिर ही जाएँगे कुछ दाने<br>और समय आने पर<br>फिर उगेंगे वे<br>एक बार<br>दो बार<br>बार-बार | 1 x 5 = 5 |
|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| | लगातार उगेंगे<br>मेरे शब्द<br><br>(क) 'मठाधीशों' ने उत्साह भरे शब्दों को क्यों छीना होगा?<br>(ख) 'तलवार' शब्द यहाँ किस ओर संकेत कर रहा है?<br>(ग) आशय समझाइए –<br>कुर्सी के पाये तले दर्द से चीख रहे हैं<br>(घ) कवयित्री किस उम्मीद से शब्दों को बो रही है?<br>(ड.) 'और वे कर रहे है अट्टहास' में 'वे' शब्द किनके लिए प्रयुक्त हुआ है? | |
| | **खंड 'ख'** | |
| **प्रश्न 3** | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए –<br><br>(क) चुनाव और लोकतंत्र<br>(ख) कट्टरता: देश की दुश्मन<br>(ग) समय नियोजन<br>(घ) पर्यावरण और हम | 5 |
| **प्रश्न 4** | आपके कक्षा बारहवीं में हिन्दी विषय में 95 अंक आए है। हिन्दी में अपनी विशिष्ट योग्यता का उल्लेख करते हुए हिन्दी अकादमी, दिल्ली को पत्र लिखकर उनकी पुरस्कार योजना व छात्रवृत्ति के विषय में जानकारी प्राप्त कीजिए। | 5 |
| | **अथवा** | |
| | रेलगाड़ियों में बढ़ती चोरी – डकैती इत्यादि की घटनाओं का हवाला देते हुए यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेल – प्रबन्धक को पत्र लिखिए। | |
| **प्रश्न 5** | **निम्नलिखित के उत्तर संक्षेप में दीजिए:**<br><br>i. पत्रकारीय लेखन में सर्वाधिक महत्व किस बात का है?<br>ii. अखबारी भाषा में 'बीट' किसे कहते है?<br>iii. ब्रेकिंग न्यूज क्या है?<br>iv. समाचार लेखन कौन करते हैं?<br>v. अखबार अन्य माध्यमों से अधिक लोकप्रिय क्यों है? एक मुख्य कारण लिखिए | 1 x 5 = 5 |
| **प्रश्न 6** | कक्षा बारहवीं में आपने जो मनोरंजक उपन्यास या कहानी संग्रह पढ़ा हो, उसकी समीक्षा कीजिए। | 5 |
| **प्रश्न 7** | 'देश में नारियों के प्रति बढती हिंसा' अथवा घरों में बढ़ती चोरी, हत्या आदि की घटनाओं'पर फीचर लिखिए। | 5 |

| खंड 'ग' | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 8 | निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –<br><br>जन्म से ही वे अपने साथ लाते है कपास<br>पृथ्वी घूमती हुई आती है उनके बेचैन पैरों के पास<br>जब वे दौड़ते है बेसुध<br>छतों को भी नरम बनाते हुए<br>दिशाओं को मृदंग की तरह बजाते हुए<br>जब वे पेंग भरते हुए चलें आते है<br>डाल की तरह लचीले वेग से अक्सर<br>छतों के खतरनाक किनारों तक<br><br>(क) पृथ्वी बच्चों के बेचैन पैरों के पास कैसे आती है?<br>(ख) छतों को नरम बनाने से कवि का क्या आशय है?<br>(ग) बच्चों की पेंग भरने की तुलना के पीछे कवि की क्या कल्पना रही होगी?<br>(घ) इन पक्तियों में कवि ने पतंग उड़ाते बच्चों की तीव्र गति शीलता व चंचलता का वर्णन किस प्रकार किया है? | 2 x 4 = 8 |
| **अथवा** | | |
| | झूमने लगे फल,<br>रस अलौकिक<br>अमृत धाराएँ फूटती<br>रोपाई क्षण की,<br>कटाई अनंतता की<br>लुटते रहने से जरा भी कम नहीं होती।<br>रस का अक्षय पात्र सदा का<br>छोटा मेरा खेत चौकोना।<br><br>(क) 'रस अलौकिक अमृत धाराएँ फूटती' कब, कहाँ और क्यों फूटती है?<br>(ख) 'लुटते रहने से भी' क्या कम नही होता और क्यों?<br>(ग) 'रस का अक्षय पात्र' किसे कहा गया है और क्यों?<br>(घ) कवि इन पंक्तियों में खेत से किसकी तुलना कर रहा है? | |
| प्रश्न 9 | **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**<br><br>किसवी, किसान-कुल, बनिक, भिखारी, भाट चाकर, चपल नट, चोर, चार, चेटकी<br>पेटको पढ़त, गुन गढ़त, चढ़त गिरि,<br>अटत गहन-गन अहन अखेटकी। | 2 x 3 = 6 |

| | | |
|---|---|---|
| | (क) अनुप्रास अलंकार के दो उदाहरण छाँटकर लिखिए।<br>(ख) पंक्तियों के ध्वनि सौंदर्य को उदाहरण देकर स्पष्ट करिए।<br>(ग) काव्य-पंक्तिंयों का भाव-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए। | |
| | **अथवा** | |
| | प्रातः नभ था बहुत नीला शंख जैसे<br>भोर का नभ<br>राख से लीपा हुआ चौका<br>(अभी गीला पड़ा है)<br>बहुत काली सिल जरा से लाल केसर से<br>कि जैसे धुल गई हो।<br>स्लेट पर या लाल खड़िया चॉक<br>मल दी हो किसी ने<br><br>(क) भोर के नभ के किन्हीं दो उपमानों का वर्णन कीजिए।<br>(ख) किन उपमानों से पता चलता है कि यह गाँव की सुबह का वर्णन है?<br>(ग) कविता के भाव-सौन्दर्य को स्पष्ट कीजिए। | |
| प्रश्न 10 | **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**<br><br>(क) 'आत्म परिचय' कविता में कवि हरिवंशराय बच्चन ने अपने व्यक्तित्व के किन पक्षों को उभारा है?<br>(ख) 'बात सीधी थी पर' कविता में भाषा के विषय में व्यंग्य कर कवि क्या सिद्ध करना चाहता है?<br>(ग) 'बादल राग' कविता में कवि निराला की किस क्रांतिकारी विचारधारा का पता चलता है? | 3 + 3 = 6 |
| प्रश्न 11 | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**<br><br>बाज़ार में एक जादू है। वह जादू आँख की राह काम करता है। वह रुप का जादू है। पर जैसे चुंबक का जादू लोहे पर ही चलता है, वैसे ही इस जादू की भी मर्यादा है। जेब भरी हो, और मन खाली हो, ऐसी हालत में जादू का असर खूब होता है। मन खाली है तो बाजार की अनेकानेक चीजों का नियंत्रण उस तक पहुँच जाएगा। कहीं हुई उस वक्त जेब भरी तब तो फिर मन किसकी मानने वाला है। मालूम होता है यह भी लूँ, वह भी लूँ। सभी सामान जरूरी और आराम को बढ़ाने वाला मालूम होता है।<br><br>(क) बाजार का जादू 'आँख की राह' किस प्रकार काम करता है?<br>(ख) क्या आप भी 'बाजार के जादू' में फंसे है? अपना अनुभव लिखिए जब आप न चाहने पर भी सामान खरीद लेते है?<br>(ग) बाज़ार का जादू अपना असर किन स्थितियों में अधिक प्रभावित करता है और क्यों? | 2 x 4 = 8 |

| | | |
|---|---|---|
| | (घ) क्या आप इस बात से सहमत है कि कमजोर इच्छा शक्ति वाले लोग बाजार के जादू से मुक्त नहीं हो सकते? तर्क सहित लिखिए। | |
| **प्रश्न 12** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए -**<br><br>(क) 'भक्तिन' अनेक अवगुणों के होते हुए भी महादेवी जी के लिए अनमोल क्यों थी?<br>(ख) 'काले मेघा पानी दे' में लेखक ने लोक मान्यताओं के पीछे छिपे किस तर्क को उभारा है, आप भी अपने जीवन के अनुभव से किसी अंधविश्वास के पीछे छिपे तर्क को स्पष्ट कीजिए।<br>(ग) 'पहलवान' की ढोलक' कहानी में किस प्रकार पुरानी व्यवस्था और नई व्यवस्था के टकराव से उत्पन्न समस्या को व्यक्त किया है? लिखिए ।<br>(घ) 'चार्ली चैपलिन' का जीवन किस प्रकार हास्य और त्रासदी का रुप बनकर भारतीयों को प्रभावित करता है? उदाहरण सहित लिखिए।<br>(ड.) 'नमक' कहानी में 'नमक' किस बात का प्रतीक है? इस कहानी में 'वतन' शब्द का भाव किस प्रकार दोनों तरफ के लोगों को भावुक करता है? | 3 x 4 = 12 |
| **प्रश्न 13** | **निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए -**<br><br>'जूझ' कहानी का नायक किन परिस्थितियों में अपनी पढ़ाई जारी रख पाता है? अगर उसकी जगह आप होते तो उन विषम परिस्थितियों में किस प्रकार अपने सपने को जीवित रख पाते? | 5 |
| **प्रश्न 14** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** | |
| | (क) 'डायरी के पन्ने' की युवा लेखिका ऐन फ्रेंक ने अपनी डायरी में किस प्रकार द्वितीय विश्वयुद्ध में यहूदियों के उत्पीड़न को झेला? उसका जीवन किस प्रकार आपको भी डायरी लिखने की प्रेरणा देता है, लिखिए। | 5 |
| | (ख) 'अतीत में दबे पाँव' में सिंधु सभ्यता के सबसे बड़े नगर मुअनजो - दड़ो की नगर - योजना आज की नगर योजनाओं से किस प्रकार बेहतर थी? उदाहरण देते हुए लिखिए। | 5 |

# उत्तर संकेत

**हिन्दी ( केन्द्रिक ) ( कोड संख्या - 302 )**

**कक्षा -बारहवीं ( 2014-15 )**

## खंड 'क'

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर 1** | (क) | कलात्मक आकार व संवेदना जगा कर | 1 + 1 = 2 |
| | (ख) | क्योंकि मनोवृत्तियाँ शिक्षा, गुण तथा प्रयत्नों से निर्मित होती हैं। | 1 + 1 = 2 |
| | (ग) | क्योंकि यें विशेषताएँ साध्य एवं साधन दोनों रुपों में मूल्यवान हैं। | ½ + ½ = 1 |
| | (घ) | सामूहिक उल्लास है | 1 |
| | (ड.) | सामूहिक दृष्टिकोण जिनसे वह जीवन की समस्याओं को देखता है | 1 + 1 = 2 |
| | (च) | चेतना बनकर | 1 |
| | (छ) | क्योंकि प्रेम के कारण ही आत्मा का विकास होता है और जीवन भी सार्थक लगता है। | 1 |
| | (ज) | प्रेम चारों ओर फैलकर श्रद्धा व समर्पण को जन्म देता है। | 1 + 1 = 2 |
| | (झ) | संस्कृति और समाज | 1 |
| | (×k) | क्योंकि चेतना प्रेरणा बनकर प्रेम में परिवर्तित होकर सामूहिकता की भावना उत्पन्न करती है। | 2 |
| **उत्तर 2** | (क) | धार्मिक उन्माद के लिए | 1 |
| | (ख) | आत्मघात की ओर | 1 |
| | (ग) | सत्ता के लिए शब्दों का दुरुपयोग | 1 |
| | (घ) | शब्दों के सही अर्थ पाने के लिए | 1 |
| | (ड.) | सफेदपोश लुटेरों के लिए | 1 |
| | | | 1 |
| | | **खंड 'ख'** | |
| **उत्तर 3** | | भूमिका | 1 } 5 |
| | | विषय - वस्तु | 3 |
| | | भाषा - शैली | 1 |
| **उत्तर 4** | | औपचारिकताएँ | 1 } 5 |
| | | विषय - वस्तु | 3 |
| | | भाषा - शैली | 1 |
| **उत्तर 5** | (i) | समसामयिक घटनाओं की जानकारी | 1 |
| | (ii) | संवाददाताओं के बीच काम का विभाजन। जैसे एक संवाददाता की बीट अगर अपराध है तो वह उसी रिपोर्टिंग करेगा। | 1 |
| | (iii) | सबसे पहले कोई बड़ी खबर महत्वपूर्ण खबर Ýलैश या ब्रेकिंग न्यूज़ के रुप में दर्शकों तक पहुँचाई जाती है। | 1 |
| | (iv) | संवाददाता या रिपोर्टर | 1 |
| | (v) | इसमें स्थायीत्व जब चाहे, जब तक चाहे सुविधानुसार पढ़ा जा सकता है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| **उत्तर 6** | विषय – वस्तु<br>प्रस्तुतीकरण<br>भाषा शैली | 2<br>2 } 5<br>1 |
| **उत्तर 7** | विषय – वस्तु<br>प्रस्तुतीकरण<br>भाषा शैली | 2<br>2 } 5<br>1 |
| | **खंड 'ग'** | |
| **उत्तर 8** | (क) मानो पूरी पृथ्वी परिक्रमा करते हुए पैरों के पास आ जाती है।<br>(ख) बच्चे छत पर ऐसे तेजी और बेफिक्री से दौड़ते हैं मानो किसी नरम व कोमल स्थान पर घूम रहे हों।<br>(ग) बच्चे पतंग उड़ाते हुए पतंग की उड़ान के साथ आगे-पीछे इस तरह डोलते हैं मानो डाल पकड़कर झूला रहे हों।<br>(घ) (i) उनकी गतिशीलता की तुलना पृथ्वी के घूमने से<br>(ii) चंचलता की तुलना डाल पर पेंग लेने से | 2<br>1 + 1 = 2<br>2<br>1 + 1 = 2 |
| | **अथवा** | |
| | (क) (i) फलों से इस की व मिठास की अनेक धाराएँ फूटना<br>(ii) फलों के पेड़ की डाल पर पक जाने पर, फलों को काटने पर<br>(ख) अनंतकाल तक साहित्य का आनंद लूटने पर भी उसमें कमी नही आती क्योंकि सभी अपने-अपने पाठन में रस का अनुभव करते है।<br>(ग) रस का अक्षय – पात्र कविता यानी साहित्य को कहा गया है क्योंकि साहित्य का आनंद कभी कम नहीं होता।<br>(घ) कागज का वह पन्ना जिस पर कवि ने अपनी रचना लेखनी बद्ध की है। इसी में विचार या भाव का बीज बोया जाता है। | 1 + 1 = 2<br>2<br>1 + 1 = 2<br>2 |
| **उत्तर 9** | (क) 'किसबी, किसान-कुल' पेटको पढ़त, 'गुन गढ़त' कोई दो<br>(ख) भाट, नेट, चेटकी में पढ़त, गढ़त, चढ़त में ध्वनि साम्य होने से कविता में ध्वनि सौन्दर्य उत्पन्न हो गया है।<br>(ग) आम जनता पेट की आग से पीड़ित होकर तरह-तरह के कार्य करने व कठिनाई झेलने के लिए विवश है। | 1 + 1 = 2<br>1 + 1 = 2<br>1 + 1 = 2 |
| | **अथवा** | |
| | (क) (i) शंख जैसा नीला<br>(ii) राख से लीपा हुआ चौका<br>(ख) (i) राख से लीपा हुआ चौका<br>(ii) स्लेट पर या लाल खड़िया चॉक मल दी हो किसी ने<br>(ग) (i) पल – पल रंग बदलते प्रात: कालीन सौन्दर्य का वर्णन करना। | 1 + 1 = 2<br>1 + 1 = 2<br>2 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर 10** | (क) | (i) कवि बाहरी संसार की क्रूरता से आहत है<br>(ii) कवि के हृदय में प्यार, मस्ती और वीतरागता है, वह किसी से घृणा नहीं कर पाता<br>(iii) कवि अपनी कविता के माध्यम से संसार को आनंद देना चाहता है। | 1+1+1= 3 |
| | (ख) | (i) भाषा पर व्यंग्य है बाहरी दिखावे के चक्कर में कवि कई बार भाव की ही हत्या कर देते हैं।<br>(ii) भाषा का कार्य भाव को पाठक तक पहुँचाता है<br>(iii) सरल शब्दों में कविता लिखें, भाषा चमत्कार के चक्कर में न पड़े। | 1+1+1= 3 |
| | (ग) | (i) निराला जी पूँजीवाद का विरोध कर समाज के दलित शोषित वर्ग को उभारना चाहते है।<br>(ii) बादलों का गर्जन, बिजली की चमत्कार जन क्रांति का प्रतीक है।<br>(iii) इस जन क्रांति में धनिकों का क्षय होता है और छोटे ही शोभा पाते हैं। | 1+1+1= 3 |
| **उत्तर 11** | (क) | (i) जादू हमेशा आँखों के माध्यम से काम करता है<br>(ii) बाजार में सुंदर - सुंदर वस्तुओं को देखकर उन्हें खरीदने के लिए आकर्षित / लालायित हो जाते हैं। | 1 + 1 = 2 |
| | (ख) | विद्यार्थी द्वारा दिया मुक्त उत्तर जिसमें उसके अनुभव और प्रस्तुति आदि पर अंक दिए जाएँ | 1 + 1 = 2 |
| | (ग) | जब जेब में पैसा हो और मन में कोई निश्चित उद्देश्य खरीददारी का न हो। | 1 + 1 = 2 |
| | (घ) | कमजोर इच्छा शक्ति वाले व्यक्ति पर जादू असर अधिक करता है क्योंकि दृढ निश्चय न होने के कारण वह बाजार से ज़्यादा प्रभावित हो जाते हैं। | 1 + 1 = 2 |

| | | |
|---|---|---|
| **उत्तर 12** | **कोई चार प्रश्न –**<br>(क) (i) भक्तिन की अनवरत सेवा<br>(ii) महादेवी जी के प्रति भक्ति – यहाँ तक कि पैसे की कमी जिक्र करने पर अपना सारा पैसा देने को तैयार<br>(iii) महादेवी जी के साथ हर पल रहने की इच्छा | 1+1+1= 3 |
| | (ख) (i) 'काले मेघा पानी दे' लेखक धर्मवीर भारती ने बादलों के बरसने की कामना में पानी फेंकने की प्रथा के पीछे यह तर्क दिया कि बिना दिए कुछ भी प्राप्त नहीं किया जा सकता।<br>(ii) विद्यार्थी के अपने तर्क | 1+2 = 3 |
| | (ग) (i) पुरानी व्यवस्था में राज दरबार में कलाकारों व पहलवानों का राजाश्रय<br>(ii) नई व्यवस्था में इनके लिए कोई स्थान नहीं।<br>(iii) कलाकार भूखों मरने के लिए विवश | 1+1+1= 3 |
| | (घ) (i) चार्ली चैपलिन के असंख्य भारतीय प्रशंसक<br>(ii) राजकपूर, दिलीप कुमार, देवानंद, अमिताभ बच्चन आदि कलाकारों के अभिनय पर प्रभाव<br>(iiii) कलाकार जीवन की त्रासद घटनाओं को हास्य के द्वारा अभिव्यक्त करना | 1+1+1= 3 |
| | (ङ.) (i) जन्मभूमि के प्रति एक विशेष प्रेम जिसका कोई प्रतिस्थापन नही है, जन्म भूमि से जुड़ाव<br>(ii) हिन्दुस्तान व पाकिस्तान में रहने वाले लोगों का अपने जन्मस्थान के प्रति लगाव।<br>(iiii) देश बदलने पर भी जन्मभूमि की कसक पीड़ा दिल से नहीं गई। | 1+1+1= 3 |
| **उत्तर 13** | • जूझ कहानी के नायक का पढ़ाई के प्रति प्रेम<br>• कठिन परिस्थिति में भी वह कठोर परिश्रम करना चाहता है।<br>• खेतों में कठोर परिश्रम करता और गणित और कविता में विशिष्ट योग्यता प्राप्त करता है<br>• विद्यार्थियों के अपने निजी अनुभव व तर्क संगत उत्तर | 3+2 = 5 |
| **उत्तर 14** | (क)<br>• ऐन फ्रेंक के कष्टों एवं संघर्ष का वर्णन<br>• उसकी डायरी से संसार को उस युद्ध की विभीषिका का प्रामाणिक ब्यौरा मिला<br>• विद्यार्थी किस प्रकार प्रेरित हुए उनके तर्क संगत उत्तर | 3+2 = 5 |

| | | |
|---|---|---|
| | (ख)<br>• सड़क के दोनों ओर घर हैं लेकिन कोई घर सड़क पर नहीं खुलता। ऐसा ही नक्शा चंडीगढ़ में कार्बूजिए ने इस्तेमाल किया।<br>• ढँकी हुई नालियाँ मुख्य सड़क के दोनों तरफ मिलती हैं।<br>• कुओं का प्रबन्ध<br>• चौड़ी सड़कें<br>• दोनों की तुलना | 5 |